# नोट्स

B.A. Part – IIIrd (Hons)
Sub – Geography
Paper – VI (Human Geography)
Group – 'B'
Unit – V

## नगरों का वर्गीकरण करें ? तथा प्रकारों का वर्णन करें ?

**Discuss the Classification of City's according to their functions.**

नगर शुरू से विभिन्न व्यवसायों एवं कार्यों का केन्द्र स्थल रहा है। प्रत्येक नगर अपने आस पास के लोगों से कच्चे मालों की प्राप्ति कर अपनी जन संख्या का भरण पोषण एवं वितरण करते हुए उन समस्त लोगों की हर प्रकार से सेवा करता है। एक नगर उद्योग, शिक्षा और चिकित्सा आदि का केन्द्र होता है। जिसका पूर्ण लाभ वहाँ के निवासियों को प्राप्त होता है। प्रशासन, सुरक्षा का भी वह केन्द्र होता है। मार्क जेफरसन ने बताया कि नगरों की उत्पत्ति ग्रामीण लोगों तथा अन्य लोगों की सेवा के लिए होती है। कुछ नगरें ऐसी जगह होती हैं जहाँ झील, पहाड़, मैदान, मरुउद्यान आदि होते हैं।

अतः नगरों को दो प्रकार से बाँटा गया है

1. स्थिति के विचार से नगरों का वर्गीकरण।
2. व्यवसाय और कार्य के विचार से नगरों का वर्गीकरण।

## A/ स्थिति के विचार से नगरों का वर्गीकरण :—→ इसके निम्नलिखित प्रकार हैं।

1. नदी तटीय नगर
2. झील तटीय नगर
3. बंदरगाहीय नगर
4. मैदानी नगर
5. पहाड़ी नगर
6. पर्वतीय नगर
7. प्रपातीय नगर
8. मरुउद्यान नगर
9. पर्वत पाद नगर

(1) **नदी तटीय नगर** :—→ जो नगर नदी, गंगा तट पर बसे हैं उसे नगर तटीय नगर कहते हैं। जैसे :— गंगा नदी के तट पर — हरिद्वार, कानपुर, प्रयाग, वाराणसी, हावड़ा आदि, यमुना नदी पर दिल्ली, आगरा, टेम्स नदी पर लंदन, मिसीसिपी नदी पर सेंटपाल नगर।

(2) **झील तटीय नगर** (lacustrine cities) :—→ जो नगर झीलों के किनारे हैं उन्हें झील तटीय नगर कहते हैं। जैसे :— शिकागो, डेट्रायट, क्लीवलैंड नगर आदि

(3) **बंदरगाहीय नगर** (Ports cities) :—→ संसार के महानगर प्रायः समुद्र एवं बड़ी 2 नदियों के किनारे बसी हैं जहाँ नावों एवं जहाजों द्वारा यातायात किया जाता है जैसे — मुम्बई, कोलकाता, लंदन आदि।

Scanned with CamScanner

(4) मैदानी नगर (Cities of Plains) :→ वो नगर जो मैदानी भागों में बसे है उन्हें मैदानी नगर कहते है। जैसे – मास्को, बर्लिन, हेमनगर जौनपुर, लुधियाना, मेरठ, अलीगढ़ आदि

(5) पठारी नगर :– (Plateau cities) :→ वो नगर जो पठारी क्षेत्रों में बसे है जैसे — बंगलौर, पुना, शोलापुर, हैदराबाद, कोयम्बटूर

(6) पर्वतीय नगर (Mountain Cities) :→ पर्वतों पर कुछ नगर तो जलवायु के अनुकूलता, स्वास्थ्य केन्द्र, प्राकृतिक दृश्य आदि के कारण बसते हैं, कुछ नगर प्रशासनिक कारणों से बसते है। कुछ नगर दर्रों की यातायात की सुगमता के कारण बसते है। हिमालय में श्रीनगर, शिमला, नैनीताल, दार्जिलिंग आदि शहर प्रशासनिक शहर है। तथा इसके अलावे पर्यटक आदि के केन्द्र भी है। आल्प्स में ज्यूरिख, बर्न, जेनेवा, ल्यूजर्न आदि नगर

(7) प्रपात नगर (Fall towns) :→ जलप्रपातों पर स्थित नगर जैसे - संयुक्त राज्य में नेवार्क (Newark), ट्रेन्टन, वाशिंगटन, कोलम्बिया कोलम्बस आदि।

(8) मरुद्यान नगर (Oasis Cities) :→ मरुस्थलों में जल प्राप्ति की सुविधा के कारण नगर होते है जैसे, अफ्रीका में सेभा, बजेमा, बेनी अब्बास, आदि मरुद्यानों के कारण स्थित है।

(9) पर्वतपाद नगर (Piedmont Cities) :→ जैसे - एटलांटा, ग्रीनविले, च्यालोटे, कठुआ, होशियारपुर, चण्डीगढ़ (नहान) पुर आदि हिमालय के पाद प्रदेश है।

## B. कार्यों के आधार पर नगरों का वर्गीकरण

व्यवसाय और कार्य की प्रधानता के आधार पर नगर :—

(1) औद्योगिक नगर
(2) व्यापारिक नगर
(3) परिवहन नगर
(4) खनिज क्षेत्रों के नगर
(5) राजधानी या प्रशासनीय नगर
(6) सुरक्षा कार्य के नगर
(7) सैनिक महत्व नगर
(8) मत्स्य कर्म, लकड़ी चीरने के केन्द्र
(9) शिक्षा केन्द्र नगर
(10) धार्मिक नगर
(11) स्वास्थ्य केन्द्र नगर
(12) क्रीड़ा नगर

(1) **औद्योगिक नगर** (industrial Cities) :— जो नगर उद्योग कार्य में अधिकाधिक संलग्न हैं उन्हें औद्योगिक नगर कहते हैं। इनमें विभिन्न क्षेत्रों से संग्रह किये हुए कच्चे पदार्थ से औद्योगिक माल तैयार किये जाते हैं। ऐसे नगरों में मानवीय बस्तियाँ अधिकाधिक सघन होती हैं, जिसमें सफाई और स्वास्थ्य की व्यवस्था उत्तम नहीं होती है। लेकिन अब इस पर अब ध्यान दिया जा रहा है।

यूरोप में औद्योगिक नगर का विकास कोयला क्षेत्रों में हुआ है जैसे— ग्रेट ब्रिटेन में बर्मिंघम, लिवरपुल, मानचेस्टर, ग्लासगो, लीड्स आदि। अमेरिका में पिट्सबर्ग, डेट्रायट, बोस्टन, बाल्टीमोर। भारत में टाटा, भिलाई, राउरकेला, भीलाई, दुर्गापुर, बम्बई, कलकत्ता, मद्रास आदि।

(2) **व्यापारिक नगर** (Commercial cities) : व्यापारिक नगर केन्द्र विकास का मुख्य आधार परिवहन (Transport) की सुविधा होती है। व्यापारिक नगर का मुख्य कार्य विभिन्न क्षेत्रों के उत्पादन को एकत्रीत करके उसे दूसरे क्षेत्रों की माँगपूर्ति (Supply) ऐसे नगरों में कृषि की उपज बिकने आती है। उपभोक्ता सामान नगर की जनता के साथ आसपास ग्रामीण बस्तियों को भी सप्लाई किये जाते हैं।

व्यापारिक नगर जैसे :— न्यूयार्क, लंदन, शंघाई, भारत में कलकत्ता, बम्बई, मद्रास आदि।

(3) **परिवहन नगर** :→ जिस नगरों में परिवहन कार्य प्रमुख होता है उन्हें परिवहन नगर कहते हैं। कुछ नगर देश से बाहर के लिए परिवहन कार्य में संलग्न रहते हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी नगर होते हैं जो देश के आन्तरिक परिवहन के लिए प्रसिद्ध हैं। परिवहन नगरों में शिकागो, पर्थ, वेनिस, विशाखापत्तनम, मुगलसराय, आदि।

(4) **खनिज नगर** :→ (Miniral Cities) : ऐसे नगरों की उत्पत्ति खनिज क्षेत्रों में होती है। यहाँ के रहने वालों का प्रमुख धन्धा है खनिज उत्पादन जैसे :— बिहार में कोडरमा अबरख के लिए, झरिया, गिरिडीह कोयला के लिए, कर्नाटक में कोलार सोना के लिए, अफ्रीका के जोहान्सबर्ग तथा आस्ट्रेलिया के कालगुर्ली सोना के लिए प्रमुख नगर है।

(5) **राजधानी या प्रशासनीक नगर** :→ (Capital or Administrative Cities)

ऐसे नगरों का प्रमुख कार्य प्रशासनिक होता है। यह देश के आन्तरिक मध्य में होते हैं। परन्तु इनकी स्थिति देश के किनारे भी होती है जैसे— वाशिंगटन, दिल्ली,

(6) **सुरक्षा कार्य के नगर** (Defence Cities) :→ मिलिट्री छावनियाँ, किले वाले तथा नौसेना वाले केन्द्र ऐसे नगर के अन्तर्गत आते हैं। रावलपिण्डी, नागर, शिलांग, गया का नाम उल्लेखनीय है। देश की सुरक्षा की दृष्टि से कुछ ऐसे नगर होते हैं जहाँ सेना रखकर आस-पास के सभी लोगों पर कमांड एवं कन्ट्रोल किया जाता है। जैसे - सिंगापुर, जिब्राल्टर, अदन, आदि।

(7) **सैनिक महत्व के नगर** (Strategic Cities) :→ वो नगर जहाँ सैनिक अड्डे होते हैं या जहाँ बहुत सैनिक रहते हैं। जैसे :- मेरठ, अदन, सिंगापुर, जिब्राल्टर, पोर्ट सईद आदि।

(8) **मत्स्य कर्म** (Fishing) **और लकड़ी चीरने** (Lumbering) **के केन्द्र** :→ ऐसे नगर सागर तटों या वनों के बीच स्थित होते हैं। ये दूर स्थित बाजारों या औद्योगिक नगरों को अपना माल भेजते हैं, जैसे कनाडा में ... आदि। ऐसे अनेक नगर हैं। वन उद्योग नगर साइबेरिया में भी टोबोलस्क, मेगादिन आदि।

(9) **शिक्षा केन्द्र** (Education Centres) :→ ऐसे नगर उच्च शिक्षा का प्रधान केन्द्र होता है। यहाँ देश-विदेश के छात्र आते हैं और उच्च शिक्षा प्राप्त कर के अपने देश को लौट जाते हैं। ऐसे नगरों में आक्सफोर्ड, कैम्ब्रिज, वाराणसी, अलीगढ़, कलकत्ता, आदि प्रमुख हैं।

(10) **धार्मिक नगर** (Religious Cities) :→ कुछ ऐसे नगर हैं जो प्राचीन काल से ही धार्मिक केन्द्र के रूप में धर्म के विभिन्न पहलुओं पर विश्लेषण देते आ रहे हैं। इनमें काशी का स्थान प्रधान है। अतः यह सियों का प्रधान धार्मिक नगर है। मक्का मदीना मुसलमानों का धार्मिक नगर है भारत में अजमेर।

(11) **स्वास्थ्य केन्द्र नगर** (Health Cities) :→ जैसे — जेनेवा, श्रीनगर, शिमला, नैनीताल, दार्जिलिंग / संयुक्त राज्य में कोलोरेडो, स्प्रिंग्स, आरकन्सास, आदि।

(12) **क्रीड़ा नगर** ~~...~~ संयुक्त राज्य अमेरिका में लॉस एन्जिल्स, एटलांटिक सिटी, न्यूजर्सी आदि। बेल्जियम में ऑस्टेंड, इंगलैंड में ब्राइटन / भारत में बम्बई आदि।